भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4089

सोमवार, 28 मार्च, 2022/7 चैत्र, 1944 (शक)

कर्नाटक के बेलगावी में ईएसआई अस्पताल

4089. श्रीमती मंगल सुरेश अंगड़ी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के बेलगावी शहर में कार्यरत और महाराष्ट्र एवं गोवा राज्यों से आये विशाल श्रमिक वर्ग की सहायता के लिए वहां 100 बेड युक्त ईएसआई अस्पताल शुरू करने के विचार के लिए किये गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की मौजूदा ईएसआई अस्पताल की मरम्मत करने की कोई योजना है जो बरसात के मौसम में लीक होता है और जोकि इलाज किए जा रहे मरीजों को प्रभावित करती है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): वर्तमान में, कर्नाटक राज्य के बेलगाव में 50 बिस्तरों वाला कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल कार्यरत है, जो राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली द्वारा आयोजित संरचनात्मक लेखा परीक्षा के अनुसार अधिभोग के लिए अनुपयुक्त पाया गया है। ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय को राज्य सरकार के साथ परामर्श करके बेलगाव में, मौजूदा 50 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल को 100 बिस्तरों वाले अस्पताल में विस्तारित करने की संभावना का आकलन करने का अनुरोध किया गया है।

****